महाराणा प्रताप महाविद्यालय
29-4-24
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND104

## B.A. IInd SEMESTER EXAMINATION, 2023-24

## HINDI

## कार्यालयी हिन्दी और कम्प्यूटर (प्रथम)

## (CBCS Mode)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**5417**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) :

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________

Roll No. (In Words) : ____________________

**Time : 1:30 Hrs.** **Max. Marks : 75**
**समय : 1:30 घण्टे** **अधिकतम अंक : 75**

**नोट : पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. कार्यालयी हिन्दी का उद्देश्य है –

(A) हिन्दी के प्रचलन को बढ़ाना

(B) हिन्दी का प्रचार प्रसार

(C) शासन एवं प्रजा के मध्य प्रत्यक्ष संवाद

(D) उपर्युक्त सभी

2. कार्यालयी हिन्दी के प्रयोग क्षेत्र को कितने वर्गों मे विभाजित किया जा सकता है ?

(A) पाँच

(B) छः

(C) सात

(D) आठ

3. हिंदी में प्रारूपण को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) आलेखन

(B) प्रारूप

(C) मसौदा

(D) उपर्युक्त सभी

4. कार्यालयी हिन्दी का स्वरूप नहीं है –

(A) सम्प्रेषणीयता

(B) औपचारिकता

(C) अभिधार्थ स्वीकार्यता

(D) संदिग्धता

5. कार्यालयी हिन्दी का क्षेत्र है –

(A) प्रतिवेदन

(B) कार्यवृत्त लेखन

(C) कार्यालयी अनुवाद

(D) उपर्युक्त सभी

6. सरकारी कामकाज की वह भाषा जिसे संविधान ने सरकारी कामकाज के लिए स्वीकृत किया है, उसे कहते हैं –

(A) राष्ट्रभाषा

(B) राज्यभाषा

(C) सम्पर्क भाषा

(D) राजभाषा

7. कार्यालयी हिन्दी में शब्दों के किस अर्थ को स्वीकार किया जाता है –

(A) लक्ष्यार्थ को

(B) वाच्यार्थ को

(C) अभिधार्थ को

(D) इनमें से कोई नहीं

8. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी–

(A) 343 (1)

(B) 370

(C) 370 (1)

(D) इनमें से कोई नहीं

9. हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है

(A) 30 दिसम्बर

(B) 14 सितम्बर

(C) 14 दिसम्बर

(D) 30 सितम्बर

10. राजभाषा आयोग का गठन कब हुआ –

(A) 1950 में

(B) 1955 में

(C) 1960 में

(D) 1976 में

11. 1955 में गठित राजभाषा आयोग के गठन के पीछे उद्देश्य था –

(A) संघ के सरकारी कामकाज के लिए हिन्दी भाषा का क्रमशः अधिक से अधिक प्रयोग

(B) संघ के सभी या कुछ सरकारी कामों के लिए अंग्रेजी भाषा के प्रयोग की मनाही

(C) संघ के किसी या किन्ही खास कार्यों के लिए प्रयोग में आने वाले अंको का रूप तय करना

(D) उपर्युक्त सभी

12. 'कार्यालयी हिन्दी' से आशय है –

(A) राजभाषा

(B) प्रशासन की भाषा

(C) सरकारी काम–काज की भाषा

(D) उपर्युक्त सभी

13. राजभाषा अधिनियम कब निर्मित हुआ

(A) 1947 ई०

(B) 1960 ई०

(C) 1976 ई०

(D) 2000 ई०

14. राजभाषा अधिनियम 1976 के अनुसार ख श्रेणी के राज्यों से केन्द्र सरकार पत्र व्यवहार किस भाषा में कर सकती है

(A) हिन्दी

(B) अंग्रेजी

(C) प्रादेशिक भाषा

(D) हिन्दी एवं अंग्रेजी

15. राजभाषा आयोग का गठन किसके द्वारा किया गया ?

(A) प्रधानमंत्री

(B) राष्ट्रपति

(C) शिक्षामन्त्री

(D) राज्यपाल

16. कार्यालयी हिन्दी का प्रयोग किया जाता है

(A) सरकारी

(B) अर्द्धसरकारी

(C) निजी कार्यालयों

(D) उपर्युक्त सभी

17. केन्द्र सरकार के किसी भी कार्यालय में उपयोग किये जाने वाले रजिस्टरों के प्रपत्र और शीर्षक किस भाषा में होंगे

(A) हिन्दी में

(B) अंग्रेजी में

(C) हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों में

(D) इनमें से कोई नहीं

18. संविधान के किस भाग में कहा गया है कि संघ की राज्यभाषा हिन्दी एवं लिपि देवनागरी होंगी?

(A) भाग 15

(B) भाग 16

(C) भाग 17

(D) भाग 18

19. कार्यालयी हिन्दी की विशेषता है

(A) निर्वैयक्तिकता

(B) तथ्यों में सम्पूर्णता एवं स्पष्टता

(C) असंदिग्धता

(D) उपर्युक्त सभी

20. सबसे अधिक वैज्ञानिक लिपि मानी जाती है –

(A) रोमन

(B) देवनागरी

(C) जापानी

(D) फारसी

21. अनुच्छेद 120 सम्बन्धित है –

(A) विधान मण्डल में प्रयोग की जाने वाली भाषा से

(B) संसद में प्रयोग की जाने वाली भाषा से

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

22. 'जिन शब्दों की सीमा बाँध दी जाती है वे परिभाषिक शब्द हो जाते हैं जिसकी सीमा नहीं बाँधी जाती वे साधारण शब्द होते हैं।" कथन है –

(A) डॉ रघुवीर

(B) डॉ बापू देसाई

(C) डॉ विनोद गोदरे

(D) डॉ शशि वर्मा

23. परिभाषिक शब्द हैं –

(A) ज्ञान – विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट शब्द

(B) ऐसे शब्दों की अर्थ सीमा सुनिश्चित एवं परिभाषित होती है

(C) क्षेत्र विशेष में इन शब्दों का विशिष्ट अर्थ होता है

(D) उपर्युक्त सभी

24. 'जो शब्द सामान्य एवं परिभाषिक दोनों रूपों मे प्रयुक्त होते हैं, वे कहलाते हैं –

(A) परिभाषिक शब्द

(B) अर्द्धपरिभाषिक शब्द

(C) तकनीकी शब्द

(D) सामान्य शब्द

25. Annexure का हिन्दी रूपान्तर है –

(A) अनुबंध

(B) आवंटन

(C) अनुलग्नक

(D) अनुमोदन

26. 'शब्दकोश' वेबसाइट है –

(A) भारतीय भाषाओं के शब्दकोश से सम्बन्धित

(B) अनुवादक की भूमिका से सम्बन्धित

(C) दुनियाभर की अलग–अलग भाषाओं के शब्दों के अर्थ से सम्बन्धित

(D) उपर्युक्त सभी

27. किस वेबसाइट पर हिन्दी साहित्य एवं अन्य सभी प्रमुख भारतीय भाषाओं का साहित्य समाचार पत्र ई मेल आदि महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है।

(A) www.indian.languages.com

(B) www.shamema.com

(C) www.(ii).org

(D) www.dictionary.com

28. सॉफ्टवेयर है –

(A) एम एस–वर्ड

(B) एम एस–एक्सेल

(C) पावर प्वाइंट

(D) उपर्युक्त सभी

29. 'लीला' है –

(A) हिन्दी सीखने के लिए मल्टीमीडिया आधारित स्व–शिक्षण एप्लीकेशन

(B) ई–पत्रिका

(C) अनुवाद एप्लीकेशन है।

(D) इनमें से कोई नहीं

30. W.W.W. का पूरा नाम

(A) वर्ल्ड वाइड वेब

(B) फाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल

(C) इलेक्ट्रानिक मेल

(D) वेब दुनिया डाट कॉम

31. 'लीला' सॉफ्टवेयर की विशेषता है –

(A) ट्रेसर मॉड्यूल

(B) भाषण सुविधा

(C) वीडियो इंटरफेस

(D) उपर्युक्त सभी

32. प्रशासनिक शब्द है –

(A) अध्यादेश

(B) आदेश

(C) निर्देश

(D) उपरोक्त सभी

33. सार्वजनिक वेब पोर्टल है –

(A) आई गूगल

(B) याहू

(C) एओएल

(D) उपर्युक्त सभी

34. सोशल मीडिया से आशय है –

(A) फेसबुक

(B) इंस्टाग्राम

(C) व्हाट्सएप

(D) उपर्युक्त सभी

35. कम्प्यूटर कां प्रयोग होता है

(A) शिक्षा के क्षेत्र में

(B) मनोरंजन के क्षेत्र में

(C) व्यवसायिक क्षेत्र में

(D) उपरोक्त सभी में

36. प्रथम कम्प्यूटर का नाम है –

(A) एनिऐक

(B) कलोसस

(C) Z3

(D) इनमे से कोई नहीं

37. सबसे पहला इलेक्ट्रानिक डिजिटल कम्प्यूटर था

(A) डेस्कटॉप

(B) लैपटॉप

(C) पामटॉप

(D) एटनासॉफ–वैरी कम्प्यूटर

38. 'एनिऐक' कम्प्यूटर की कल्पना एवं डिजाइन किसके द्वारा की गयी

(A) जॉन मौच्ली

(B) जे० प्रेसपर एकर्ट

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

39. जर्मन Z3 कम्प्यूटर के विषय में सही है –

(A) कोनरैड ज्यूस द्वारा डिजाइन किया गया

(B) डिजिटल कम्प्यूटर था

(C) इलेक्ट्रो मेकैनिकल कम्प्यूटर है।

(D) उपर्युक्त सभी

40. स्पर्श हिन्दी टाइपिंग टयूटर किसके द्वारा विकसित है :

(A) बालमुकुन्द गुप्त

(B) बालेन्दु शर्मादाधीच

(C) बालकृष्ण भट्ट

(D) बद्रीनारायण चौधरी

41. हिन्दी की प्रथम वेबसाइट कौन सी है ?

(A) वर्ल्ड वाइड वेब

(B) वेब दुनिया डाट कॉम

(C) सिर्फ (A)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

42. 'रिमाइंडर' के लिए सही परिभाषिक शब्द है

(A) अनुस्मारक

(B) संलग्नक

(C) टिप्पण

(D) इनमें से कोई नहीं

43. 'पोर्टल' है –

(A) वेबसाइट्स का समूह

(B) होमपेज

(C) कैलेंडर

(D) इनमें से कोई नहीं

44. भारत का प्रथम सुपर स्वदेशी कम्प्यूटर है –

(A) क्रे–1

(B) परम 8000

(C) साइबर 205

(D) क्रे–3

45. परम 8000 किस पीढ़ी का कम्प्यूटर है –

(A) चौथा

(B) पहला

(C) पांचवां

(D) इनमें से कोई नहीं

46. इंटरनेट के प्रमुख घटक

(A) वेब ब्राउजर

(B) सर्वर

(C) हाइपर लिंक

(D) उपर्युक्त सभी

47. भारत का तेज सुपर कम्प्यूटर है –

(A) ऐरावत

(B) परम सिद्धि

(C) प्रत्यूष

(D) उपर्युक्त सभी

48. परम विक्रम 1000 है –

(A) एक उच्च निष्पादन कंप्यूटिंग क्लस्टर

(B) ई० पत्रिका

(C) वेबलिंक

(D) इनमें से कोई नहीं

49. शिक्षा में सोशल मीडिया का महत्व है

(A) व्याख्यानों का सीधा प्रसारण

(B) शिक्षा कार्यों मे सरलता

(C) शिक्षण ब्लाग और लेखन

(D) उपर्युक्त सभी

50. ई मेल की विशेषताएँ हैं

(A) ई मेल सूचना या सन्देश सम्प्रेषण का सबसे मितव्ययी साधन है।

(B) इसमें समय एवं धन कम लगता है।

(C) इसके द्वारा भेजी गई सूचनाओं संदेशों को संरक्षित रखा जा सकता है।

(D) उपर्युक्त सभी

*****